# —: कार्यालय :—

## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

Email –dfo-latehar@gov.in

Mobile No. –8987790240

Pin Code - 829206


पत्रांक ......................../ दिनांक..................................../

सेवा में,

तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड,
हिनू, पो0–डोरण्डा, राँची (834002)।

विषय :– राजबार E&D कोल ब्लॉक हेतु 520.35 हे0 वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक 99/2021 दिनांक 15.06.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि राजबार E&D कोल ब्लॉक हेतु 520.35 हे0 वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव दिनांक 18.06.2021 को प्राप्त है। प्रस्ताव के जॉचोपरान्त निम्नांकित त्रुटियॉ/कमियॉ पायी गयी है।

01. प्रस्ताव के साथ अपयोजित होनेवाले वन भूमि का Village Map संलग्न नही किया गया है, जिसमें भूमि विवरणी सत्यापित करने में कठिनाई हो रही है। अतः CS के आधार पर नक्शा एवं लैंड शिड्यूल विहित प्रपत्र में समर्पित किया जाय (प्रपत्र की छायाप्रति संलग्न)।

02. प्रस्ताव के साथ अपयोजित होनेवाले गैर मजरूआ जंगल–झाडी भूमि का आयुक्त, पलामू द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं है।

03. वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत उपायुक्त, लातेहार का प्रमाण–पत्र संलग्न नही है।

04. वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम सभा की कॉपी संलग्न नही है।

05. वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश संख्या 05/स0भू0 लातेहार (विविध)–181/18 (छाया संचिका)–4715 दिनांक 27.11.2018 के बिन्दु तीन के आलोक में कैडस्ट्रल सर्वे (C.S) के आधार पर लैंड शिड्यूल नहीं होने पर उपायुक्त, लातेहार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र (प्रपत्र–1) एवं आपके स्तर से निर्गत वचनबद्धता पत्र (प्रपत्र–2) नौ प्रतियों में समर्पित करें (सुलभ संकेत हेतु छायाप्रति संलग्न)।

06. प्रस्ताव के साथ ग्राम–राजबार, जडेयांग एवं डरेया का अंचल अधिकारी द्वारा सत्यापित लैण्ड शिड्यूल समर्पित नही किया गया है।

07. परियोजना में अपयोजित होने वाले वन भूमि के विरूद्ध एन0पी0भी0 की राशि समर्पित करने संबंधी वचनबद्धता पत्र निर्धारित प्रपत्र में समर्पित नही किया गया है।

08. समर्पित प्रस्ताव के फार्म A में ग्राम–रेंची का रकबा 67.65 हे0 एवं अंचल अधिकारी द्वारा सत्यापित लैण्ड शिड्यूल का रकबा 65.60 हे0 दर्शाया गया है, इसमें सुधार की आवश्यकता है।

## –: कार्यालय :–
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।
Email –dfo-latehar@gov.in

Mobile No. –8987790240

Pin Code - 829206


09. प्रस्ताव के साथ 'माईन्स रिक्लेमेशन प्लान' समर्पित समर्पित नही किया गया है।
10. प्रस्ताव के साथ Item wise breakup of land समर्पित नही किया गया है।
11. प्रस्ताव के साथ पुनर्वास योजना समर्पित नही किया गया है।
12. प्रस्ताव के साथ कम से कम वन भूमि अपयोजन करने संबंधी वचनवद्धता पत्र समर्पित नही किया गया है।
13. प्रस्ताव के साथ राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्गत अनापत्ति (NOC) समर्पित नही किया गया है।
14. प्रस्ताव के साथ Catchment Area Treatment Plan समर्पित नही किया गया है।
15. प्रस्ताव के साथ अपयोजित होने वाले वन भूमि/परियोजना स्थल का Grid Map, Geo-reference map, Copy of detailed land use plan, Copy of map of the outer Boundary, Rajbar, Darea, Serak, Renchi, Jeryang की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी समर्पित नही किया गया है।
16. प्रस्ताव के साथ Tribal Development Plan समर्पित नही किया गया है।
17. प्रस्ताव के साथ Gazzetter Notification समर्पित नही किया गया है।
18. प्रस्ताव के साथ Geological Report समर्पित नही किया गया है।
19. प्रस्ताव अंतर्गत अपयोजित होनेवाले सम्पूर्ण वन भूमि में उपलब्ध वृक्षों की गणना सूची संलग्न नही है।
20. परियोजना में अपयोजित होने वाले वन भूमि के विरूद्ध क्षतिपूरक वनरोपण की राशि जमा करने संबंधी वचनबद्धता पत्र निर्धारित प्रपत्र में समर्पित नही किया गया है।
21. अपयोजित होनेवाले वन भूमि के विरूद्ध क्षतिपूरक वनरोपण हेतु DGPS Map, Cadastral Map, KML File की Soft एवं Hard Copy में समर्पित किया जाय।
22. समर्पित प्रस्ताव के कुछ पृष्ठों पर हस्ताक्षर एवं मोहर (नाम एवं पदनाम सहित) अंकित नही है।

अतः प्रस्ताव की आठ प्रति मूल रूप में वापस करते हुए अनुरोध है कि उपरोक्त पायी गयी त्रुटियों/कमियों का निराकरण करते हुए प्रस्ताव की आठ प्रति प्रमण्डलीय कार्यालय समर्पित किया जाय ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

ह0/–

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,

लातेहार वन प्रमण्डल।

—: कार्यालय :—
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।
Email –dfo-latehar@gov.in
Mobile No. –8987790240
Pin Code - 829206

ज्ञापांक 904 / दिनांक 28/6/2021 /

प्रतिलिपि :— 01 मुख्य वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर को सूचनार्थ समर्पित।
02 क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पलामू, मेदिनीनगर को सूचनार्थ समर्पित।
03 प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रॉची को सूचनार्थ समर्पित।

28.6.21

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।